http://krishipravahika.vitalbiotech.org/

कृषि प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका

e-ISSN: 2583 – 0430

*कृषि-प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका*, (2023) वर्ष 3, अंक 11, 42-43

Article ID: 332

# सफलता की कहानी: फलों की खेती: अधिकतम आय का एक विकल्प

**अमित कुमार[1], स्मिता अग्रवाल[2], आयुषी त्रिवेदी[3], एम. के. कुरील[4] एवं गुमान सिंह धाकड़[5]**

[1,2,4]उद्यान विभाग, भगवंतराव मंडलोई कृषि महाविद्यालय खंडवा

[3]कृषि अभियांत्रिकी, भगवंतराव मंडलोई कृषि महाविद्यालय खंडवा

[5]प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, पंधाना खंडवा

कृषक श्री सिकंदर मंसूरी द्वारा बताया गया कि वह पूर्व में परंपरागत खेती में सोयाबीन, गेहू, चना की खेती किया करते थे जिसमे बीज, खाद, दवाई, निंदाई – गुड़ाई एवं श्रमिकों पर बहुत अधिक खर्चा आता था| परंपरागत खेती में मुनाफा कम लागत ज्यादा आती थी जिससे सिर्फ घर परिवार के साल भर के खर्चे भी मुश्किल से पूरे हो पाते थे साथ ही मौसम की अनिश्चितता के कारण कभी कभी बहुत नुकसान उठाना पड़ता था| परंपरागत फसल जैसे सोयाबीन का रकवा - 1.0 हेक्ट. की अनुमानित लागत - 35000-40000/- जिसका उत्पादन लगभग - 15 – 20 क्विंट./हेक्ट. जिसका औसत बाजार मूल्य 5000/- रुपए प्रति क्विंट की दर से 75,000-1,00,000/- प्रति हेक्ट होता हैं| इस तरह परंपरागत खेती से शुध्द मुनाफा लगभग 40,000-50,000 हुआ|

उद्यान विभाग के मार्गदर्शन से कृषक ने मई 2019 में पपीता किस्म आइसवैरी के 1200 पौधे 0.80 हेक्ट. में ड्रिप के साथ रोपित किये, अंतरवर्ती फसल संतरा किस्म नागपुरी के भी 250 पौधे लगाए गए थे| पपीता फसल जिसका बाजार मूल्य औसत – 10 /- रुपए प्रति किलों रहा एवं किसान द्वारा बताया गया कि उन्होंने 8 वर्ष पूर्व रकवा – 1.0 में भी संतरे के 400 पौधे लगाये थे जिसको वर्ष 2021-22 में 7.00 लाख रुपए में बेचा|

उद्यानिकी विभाग की फल क्षेत्र विस्तार योजना के तहत वर्ष 2018-19 में रकवा - 1.0 हेक्ट. में संतरा का भी पौधरोपण किया गया जिसमे अनुदान 30000/- रुपए मिला हैं| कृषक द्वारा ड्रिप का प्रयोग किया जा रहा है जिससे फसल में खरपतबार कम एवं पानी की बचत होने के साथ ही फर्टिगेशन द्वारा खाद व दवाई के प्रयोग से फसल के उत्पाद की गुणवता व मात्रा दोनों ही अधिक प्राप्त होते हैं |

पपीता का उत्पादन लगभग – 140 टन का हुआ हैं | जिसका औसत बाजार मूल्य 10 /- रुपए /kg रहा

पपीता फसल की अनुमानित लागत लगभग – 2.5– 3.0 लाख रुपए

पपीता फसल की अनुमानित आय/ मुनाफा लगभग – 14.0 लाख रुपए

पपीता फसल की शुध्द मुनाफा लगभग – 11.0 – 11.50 लाख रुपए

संतरा फसल की अनुमानित लागत लगभग – 0.50– 1.0 लाख रुपए

संतरा फसल की अनुमानित आय/ मुनाफा लगभग – 7.0 लाख रुपए

संतरा फसल की शुध्द मुनाफा लगभग – 6.0 – 6.50 लाख रुपए

**<u>कृषक का सामान्य परिचय</u>**

**कृषक का नाम : श्री सिकंदर मंसूरी** S/O **श्री जब्बार मंसूरी**

**ग्राम : बलवाडा विकासखंड :पंधाना, जिला : खंडवा** (म.प्र.)

**कृषक का कुल रकवा :** 3.63 **हेक्टे.** **रोपित उद्यानिकी फसलें : पपीता, संतरा**

**उद्यानिकी फसलों का कुल रोपित रकवा :** 2.50 **हेक्टे.**



